भूखे है श्याम तेरे नाम के | By Pinky Mishra

भूखे हैं हम सांवरे तेरे ही प्यार के
अपना लो हमको बाबा थोड़ा निहार के

कसम तुम्हारी खाते हैं छोड़ेंगे ना ये दामन
छोड़ेंगे ना ये दामन
तेरे द्वार की धूल है लगती हमको इतनी पावन
हमको इतनी पावन
सुनके आये हैं चर्चे तेरे दीदार के
अपना लो हमको बाबा थोड़ा निहार के

दूर दूर से चलके आये तेरी श्याम नगरिया
तेरी श्याम नगरिया
जहाँ पे फूलों में सजकर बैठा तू सेठ सांवरिया
ये खाटू की नगरिया
कहते हैं ये ही सारे आते जो हार के
अपना लो हमको बाबा थोड़ा निहार के

पंजाबी गुजराती सिंधी सब हैं तेरे पुजारी
सब हैं तेरे पुजारी
खड़े हैं इक लाइन में सारे लेकर इच्छा भारी
कर कर के तैयारी सारी
वापस ना जाएँ कुछ ये आवे विचार के
अपना लो हमको बाबा थोड़ा निहार के

करता पूरी सबकी कामना खाली कोई ना जाता
हर दिल धीरज पाता
एक बार जो आता तेरा दीवाना बन जाता
जोड़ के तुमसे नाता
जो ना आ पाते बाबा रहते मन मार के
अपना लो हमको बाबा थोड़ा निहार के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%82%e0%a4%96%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-by-pinky-mis/